देश के विभिन्न राज्यों के व्यंजनों से महका चौरास परिसर

गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में आयोजित हुआ पारंपरिक भोज महोत्सव

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रीनगर। गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के चौरास परिसर स्थित इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की ओर से पारंपरिक भोजन महोत्सव का आयोजन किया गया है। महोत्सव में विश्वविद्यालय में देश के विभिन्न राज्यों के अध्ययनरत स्नातकोत्तर एवं शोध छात्र-छात्राओं के पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू से पूरा चौरास परिसर महकने लगा।

भोजन उत्सव कार्यक्रम में व्यंजनों का आनंद लेते अतिथि। संवाद

मंगलवार को कैंपस डायरेक्टर प्रो. सीएम शर्मा, कुलसचिव प्रो. एनएस पंवार, प्रोक्टर प्रो. भानु प्रसाद नैथानी, उपकुलसचिव प्रो. संजय ध्यानी व विभागाध्यक्ष प्रो. राजपाल सिंह नेगी ने महोत्सव का उद्घाटन कर छात्र-छात्राओं के प्रयासों और कार्यकुशलता की सराहना की। इस मौके पर अध्यापकों, छात्र-छात्राओं और अतिथियों ने लद्दाख, केरल, उत्तराखंड, पश्चिमी बंगाल व यूपी के व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

आयोजन के मुख्य संयोजक प्रो. राजपाल सिंह नेगी ने बताया कि केंद्रीय विश्वविद्यालय बनने के पश्चात विवि लघुभारत का स्वरूप ले रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए विभाग ने अभिनव पहल की शुरूआत की है। इस उत्सव के आयोजन से विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत व शोध छात्रों को देश के विभिन्न भागों की संस्कृति और परंपराओं को समझने का एक साझा मौका मिलता है। कार्यक्रम सचिव डॉ. सुभाष उनियाल ने बताया कि महोत्सव को मनाने का उद्देश्य पारंपरिक भोजन का संरक्षण, व प्रचार-प्रसार करना है।